श्री सभापति: आप बैठ जाइए।

डा॰ अलादी पी॰ राजकुमार: गवर्रमेंट को एश्योरेंस के लिए कहिए । 12 तारीख को जजमेंट आया और आज 16 तारीख हो गयी है। ...(**व्यवधान**)...

श्री सभापति: माननीय सदस्य, मैं बहुत सहन कर चुका हूं। मेरी सहनशक्ति को आप exhaust मत करिए। ...(**व्यवधान**)...

SHRI P.G. NARAYANAN: Sir, they have to respond. ...(*Interruptions*)...

श्री सभापति: आप आए, उससे पहले वे बोल चुके हैं।

Killing of an MLA and others by Naxalites at Mahbubnagar, Andhra Pradesh

श्री एस॰एस॰ अहलुवालिया (झारखंड): सभापति महोदय, हम लोग इस सदन में कई बार नक्सलवाद का जो आतंक है, उसके बारे में चर्चा कर चुके हैं। महोदय, कल महबूबनगर के नारायणपेट इलाके में कांग्रेस के एक एमएलए, श्री सी॰ नरसि रेड्डी, उनके पुत्र, जो वहां के युवा कांग्रेस के नेता थे, श्री वेंकटेश्वर रेड्डी, और उनके साथ उनका गनमैन, उनका ड्राइवर, उनके आरडीओ का पीए, म्यूनिसिपल कमिश्नर, श्री राम मोहन - ये सारे आतंकवादियों के निशाने पर आए। महोदय, श्री नरसि रेड्डी एक हरिजन वाड़ा में एक सीमेंट कंक्रीट रोड का भूमि पूजन करने के लिए गए थे। सर, दो हफ्ते से नक्सलवादी यह थ्रेटनिंग दे रहे थे कि 15 तारीख को जो झंडा फहराया जाएगा या 15 अगस्त मनाया जाएगा या स्वतंत्रता दिवस का पालन किया जाएगा या उसके उपलक्ष्य में कोई भी समारोह किया जाएगा, वहां ऐसा कोई आयाम करेंगे। यह सब जानने के बावजूद भी यह दुर्भाग्यजनक घटना घटी। श्री नरसि रेड्डी, कांग्रेस के एमएलए के साथ नौ आदमी मारे गये, दस बुरी तरह से जख्मी हैं। महोदय, एके-47 लेकर तब अटैक हुआ, जब वे भूमि पूजन करके नारियल तोड़ रहे थे, उस वक्त उन पर एके-47 से अटैक हुआ और उनके साथ में जो पुलिसकर्मी थे, जो अंगरक्षक थे, उनमें से एक मारा गया और दूसरे की बंदूक चली ही नहीं, जाम हो गयी। आटोमैटिक गन उसके पास थी लेकिन वह चली ही नहीं, वह जाम हो गयी। इसके अलावा बाकी जितने अंगरक्षक थे, वे भाग खड़े हुए। ऐसे हालात में इस पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। मुझे इसके साथ-साथ एक दूसरी चिंता भी है कि श्री नरसि रेड्डी की बेटी, डी॰के॰ अरुणा साथ वाली कॉन्स्टीटयूएंसी की एमएलए हैं और यह खतरा दिन पर दिन, हर घंटे बढ़ रहा है-इस पर अगर कार्यवाही नहीं हुई - क्योंकि ये

वही नक्सलवादी हैं जहां पर सरकार बनने के बाद इनके ऊपर से बैन विदड्रॉ कर लिया गया है और आज वे फिर सड़क पर उतर आए हैं।

(श्री उपसभापति पीठासीन हुए)

इसको गंभीरतापूर्वक लेकर इस पर विचार करने की जरूरत है। महोदय, मैं चाहता हूं कि सदन इस पर विचार करे और सरकार राज्य सरकार से पूछे तथा वहां की सुरक्षा व्यवस्था करने में अगर और भी कुछ जरूरत पड़ती है तो वह व्यवस्था करके, वहां मदद देकर इस तरह के आतंक को समाप्त करने की जरूरत है। धन्यवाद।

SHRI JAIRAM RAMESH (Andhra Pradesh): Sir, I would like to associate myself with the matter raised by the hon. Member.

SHRI JESUDASU SEELAM (Andhra Pradesh): Sir, I also associate myself with the matter raised by the hon. Member.

SHRI V. HANUMANTHA RAO (Andhra Pradesh): Sir, I would also like to associate myself with the matter raised by the hon. Member.

श्री एस॰एस॰ अहलुवालिया: सर, क्या मंत्री महोदय इस पर कुछ बोलना चाहेंगे?

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI SHIVRAJ V. PATIL): Sir, with your permission, I shall read out a statement, which we have prepared for this purpose.

Sir, I rise to apprise this House of yesterday's gruesome incident of senseless violence perpetrated by Naxalites at Narayanpet in Mehbubnagar district of Andhra Pradesh. As per the preliminary report from the State Government, on 15.08.2002 ...*(Interruption)*... Shri Narsi Reddy, along with his son, Shri Venkateswar Reddy, Shri Shiva Reddy, Revenue Divisional Officer of Narayanpet, Shri Ram Mohan Rao, Municipal Commissioner of Narayenpet, and other followers went to MBC High School, Narayanpet, to lay the foundation stone for a new road. The MLA's two gunmen were also with him.

While they were at the function, at about 1325 hours, five CPI (Maosit) extremists, in plainclothes, armed with automatic weapons, came on two motor bikes and fired at the MLA and others using

AK-47, resulting in the killing of the MLA and eight others, including his son, the Municipal Commissioner, one gunman, the MLA's driver and Revenue Divisional Officer's attendant and causing injury to 15 others. The naxalites escaped from the scene and also took away the carbine of the deceased gunmen.

The Chief Minister and senior officers visited the site of the incident yesterday. Additional police force has been rushed to the area. Special police parties have been deployed and combing operations are in progress to apprehend the culprits.

After the unilateral withdrawal from peace talks by the naxalites in January this year, the CPI (Maoists) have stepped up their offensive in the state. The State Government has, accordingly, geared up its security apparatus to formally meet this challenge. Till July 31st, the State Government has arrested 464 naxalites and neutralised 98 others, including some of the leaders.

The Central Government strongly condems this ghastly incident and the violence and has assured the State Government all; the possible help in effectively dealing with such violent depredations. The Government believes that no cause can justify violence or killing of innocent people.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, we shall take up the Budget (Bihar), 2005-06 and the Bihar Appropriation (Vote on account) No. 2 Bill, 2005. The Finance Minister, Shri P. Chidambaram....*(Interruption)*...

The Budget (Bihar), 2005-06 and the Bihar Appropriation (Vote on Account) No. 2 Bill, 2005

THE MINISTER OF FINANCE (SHRI P. CHIDAMBARAM): Sir, I rise to present the Budget for Bihar for 2005-06. The revised Annual Financial Statement and the statement of expenditure to be financed from the Contingency Fund, has been laid on the Table of the House.

On the Revenue Account, receipts are estimated at Rs. 19,128.97 crores and the expenditure is likely to be Rs. 19,314.82 crores, resulting in an estimated revenue deficit of Rs. 5.85 crores. On the Capital Account, the receipts are estimated at Rs. 7100.88 crores, while the expenditure is likely to be Rs. 7193.85 crores, resulting in a deficit of Rs. 92.97 crores.